**कार्रवाई** ढीमरखेड़ा विकासखंड के कोठी गांव के सेहरा टोला में बच्चों के साथ बकरियों के मध्यान्ह भोजन खाने का मामला

# सुपरवाइजर, पर्यवेक्षक की होगी विभागीय जांच



**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम कोठी स्थित सेहरा टोला आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को भोजन वितरण में बरती गई गंभीर लापरवाही पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संयुक्त जांच कराई, जिसके बाद परियोजना अधिकारी को नोटिस, सुपरवाइजर के विरुद्ध विभागीय जांच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस और मानदेय कटौती के निर्देश जारी किए गए हैं। ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी के आंगनवाड़ी केंद्र सेहरा टोला में बीते शुक्रवार को बच्चों को भोजन प्रदाय के दौरान बरती गई कोताही के मामले को कलेक्टर आशीष तिवारी ने गंभीर लापरवाही मानते हुए संयुक्त जांच टीम गठित कर प्रतिवेदन तलब किया। इसके आधार पर कलेक्टर ने महिला, बाल विकास की परियोजना अधिकारी को नोटिस देने, सुपरवाइजर की विभागीय जांच संस्थित करने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर मानदेय कटौती के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संयुक्त जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर आरती यादव, परियोजना अधिकारी ढीमरखेड़ा, आंगनवाड़ी केंद्र सेहरा टोला की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना बैगा, सहायिका मैना बैगा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने, पूर्व से केंद्र का अतिरिक्त प्रभार प्राप्त कोठी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुशीला गोंड की वार्षिक मानदेय वृद्धि रोके जाने, सेक्टर पर्यवेक्षक अनीता प्रधान की विभागीय जांच संस्थित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना बैगा, सहायिका मैना बैगा का उपस्थिति दिवस से आंगनवाड़ी केंद्र सेहरा टोला में उपस्थित होकर केंद्र संचालन किए जाने तक की अवधि का मानदेय कटौती किए जाने के लिए परियोजना अधिकारी ढीमरखेड़ा को निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सेहरा टोला आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को भोजन वितरण, बच्चों के भोजन खाने के दौरान बरती गई लापरवाही की जांच के लिए संयुक्त जांच टीम गठित की, जिसमें वनश्री कुर्वेती, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला, बाल विकास, परियोजना अधिकारी ढीमरखेड़ा आरती यादव, परियोजना अधिकारी बहोरीबंद सतीश पटेल शामिल रहे।कलेक्टर के निर्देश पर सेहरा टोला आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची संयुक्त जांच टीम द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, संबंधित पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की उपस्थिति में प्रकरण की जांच की गई।संयुक्त टीम द्वारा पाया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र सेहरा टोला में नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका संचालित आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित नहीं हुई, जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई। जांच प्रक्रिया के दौरान स्थानीय जनों द्वारा सेहरा टोला के लिए नवीन आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत करवाने, आंगनवाड़ी भवन क्षेत्र के विद्यालय परिसर में निर्माण करवाए जाने की आवश्यकता बताई गई।



## बोर्ड से टकराई कार, मां की मौत, बेटा-बहू घायल

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के मिडवे ट्रीट के पास हुआ हादसा**

**नवभारत, कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सोमवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मिडवे ट्रीट के सामने लगे बोर्ड से टकरा गई। हादसे में कार में सवार मां, बेटा और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद गंभीर रूप से घायल हुई मां की मौत हो गई। जबकि बेटे और बहू को प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जबलपुर के सराफा बाजार निवासी अजय पिता कृष्ण कुमार सोनी (42), अपनी पत्नी रचना सोनी (38) और अपनी मां हेमलता सोनी (74) के साथ कार में सवार होकर जबलपुर से कटनी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के मिडवे ट्रीट के सामने लगे बोर्ड से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। जिसके कारण कार में सवार मां, बेटा और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को स्लीमनाबाद स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हेमलता सोनी को मृत घोषित कर दिया। जबकि अजय और उनकी पत्नी रचना सोनी का प्राथमिक इलाज के लिए बाद मेडीकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है। मृतिका का पोस्टमार्टम मंगलवार को स्लीमनाबाद अस्पताल में किया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर में

## धान खरीदी कार्य में लापरवाही पर नोटिस

**नवभारत,कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर धान उपार्जन केन्द्र कछारगांव के खरीदी प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर और धान उपार्जन केन्द्र खमतरा के खरीदी प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित 4 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि उपार्जन केंद्रों के निर्धारण के बाद उपार्जन केन्द्र कछारगांव केन्द्र के खरीदी प्रभारी रघुवीर सिंह बागरी और कम्प्यूटर ऑपरेटर अशोक मेहरा, धान उपार्जन केन्द्र खमतरा केन्द्र के खरीदी प्रभारी दीनदयाल त्रिपाठी और कम्प्यूटर ऑपरेटर ललित प्यासी को केंद्र पर उपलब्ध 16 आवश्यक सुविधाओं की जानकारी उपार्जन केंद्र प्रभारी के लॉगिन से भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन पोर्टल पर निम्न गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स अपलोड किए गए, जिसके कारण केंद्र की ग्रेडिंग लेवल वन परिलक्षित हो रही है। इन दोनों खरीदी प्रभारियों और कम्प्यूटर ऑपरेटर को पूर्व में भी पोर्टल पर फोटोग्राफ्स अपलोड करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है और समय-समय पर आयोजित बैठकों में भी निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद, निर्देशों की अवहेलना करते हुए पोर्टल पर सही जानकारी अपलोड नहीं की गई। जो कि मध्य प्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी उपार्जन नीति के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने इन चारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए कहा है कि क्यों न आपको आगामी खरीदी कार्य से ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही इसका उत्तर तीन दिवस के अन्दर समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में कहा गया है कि नियत अवधि के अंदर उत्तर प्रस्तुत नहीं करने की दशा में यह माना जाएगा कि अधिरोपित आरोप स्वीकार हैं। जिसके बाद सभी पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। खरीदी कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करेगी नई टीम

**भारतीय जनता पार्टी ने घोषित की जिले की नई कार्यकारिणी**

**नवभारत, कटनी।** जिला भारतीय जनता पार्टी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन द्वारा जारी सूची के अनुसार संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषित सूची के अनुसार जिला उपाध्यक्ष पद पर सुनील उपाध्याय, रवि खरे, रामू साहू, अंकिता तिवारी, सतीश नायक, श्रीमती सीमा जैन सोगानी, श्रीमती सुनीता दाहिया को दायित्व सौंपा गया है। वहीं जिला महामंत्री के रूप में मनीषदेव मिश्रा, सुखदेव चौधरी की नियुक्ति की गई है। जिला मंत्री पद पर संदीप दुबे, आशीष गुप्ता बाबा, श्रीमती ममता सिंह, मनीष दुबे, प्रशांत राय, वागीश आनंद, कमलेश सेन और राजेश पटेल को शामिल किया गया है। जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी अर्पित अग्रवाल सीए को सौंपी गई है, जबकि सह जिला कोषाध्यक्ष के रूप में श्रीमती भावना सिंह को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला कार्यालय मंत्री पद पर अम्बरीष वर्मा और सह जिला कार्यालय मंत्री के रूप में यज्ञदत्त मिश्रा, श्रीमती रिचा गेलानी को दायित्व दिया गया है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री और संभागीय प्रभारी राहुल कोठारी, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायकगण संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक सहित समस्त जनप्रतिनिधियों वरिष्ठजनों ने सभी नवीन पदाधिकारियों को दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि नवगठित टीम संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करते हुए प्रभावी भूमिका निभाएगी। जिलाध्यक्ष ने भाजपा में सामान्य प्रक्रिया के अनुरूप दायित्व परिवर्तन किया है।

## मनरेगा के कार्यों में नियम दरकिनार, मिलीभगत से बढ़ रही मनमानी

**मनरेगा कार्यों में लगे गंभीर अनियमितताओं के आरोप**



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत घनिया में इन दिनों मनरेगा के तहत संचालित कॉन्टूर ट्रेंच निर्माण कार्य में अनियमितताओं और लापरवाही के गंभीर मामले सामने आए हैं। मजदूरों की उपस्थिति, फोटो अपलोडिंग, मस्टर रोल और सुविधाओं से जुड़ी कई अनियमितताएं है। जिनसे पूरे कार्य की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार कार्यस्थल पर 3 दिसंबर को 65, 4 को 88, 5 को 105, 6 को 135, 7 को 96, 8 को 99, 9 को 82, 10 को 203, 11 को 229 और 12 दिसंबर को 127 मजदूर दर्ज किए गए। लेकिन मौके पर निरीक्षण करने पर उपस्थित प्रतिदिन की अपेक्षा कम थी। नियमानुसार मनरेगा कार्यों की जियो टैग फोटो दोपहर 12 बजे तक अपलोड करना होता हैं और शाम की फोटो चार घंटे के अंतराल के बाद अपलोड होना अनिवार्य है, लेकिन घनिया सहित रीठी जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। सुबह की फोटो अक्सर 2 बजे के बाद अपलोड की जाती है और कई शाम की फोटो तो अपलोड ही नहीं की जाती। ऐसे में सवाल उठता है कि फोटो समय पर नहीं डाली जा रही हैं तो मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति का रिकॉर्ड कैसे तय किया जा रहा है। बतादें ग्राम पंचायत धानिया में चल रहे वर्तमान कार्य में मजदूरों के लिए पीने के पानी, छाया, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था जैसे मूलभूत साधन भी उपलब्ध नहीं हैं। कार्यस्थल पर कहीं भी मस्टर रोल नहीं रखा गया, जबकि नियम स्पष्ट कहता है कि हर मजदूर को मस्टर रोल देखने का अधिकार है।

सूत्रों के मुताबिक कंटूर ट्रेंच को सही तकनीक के अनुसार तैयार करने के बजाय पुराने काम को सिर्फ ऊपर-ऊपर थोड़ा बहुत कार्य कर उसे नया कार्य दिखा दिया जाता है। इससे संबंधित इंजीनियर और मनरेगा प्रभारी, सचिव, की लापरवाही साफ नजर आती है। इन अनियमितताओं में सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत से इन कार्यों को बढ़ावा मिल रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों की जांच की मांग की है।

## गीत-संगीत की प्रस्तुति से मंत्र मुग्ध हुए दर्शक, घूमर नृत्य ने बांधा समा

**नालंदा शिक्षण समूह का वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित**



**नवभारत, कटनी।** नालंदा शिक्षण समूह की सभी शाखाओं नालंदा स्कूल झिंझरी, नालंदा कॉलेज झिंझरी और नालंदा स्कूल सिविल लाइन का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि महापौर प्रीति संजीव सूरी और विशिष्ट अतिथि एजुकेशनल प्रमोटर श्रीमती रवीजा पटेल, गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य श्रीमती चित्रा प्रभात, सेंट्रल इंडिया बैंक के जनरल मैनेजर प्रदीप पंड्या रहे। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। अतिथियों का स्वागत सीबीएसई विद्यालय प्राचार्या श्रीमती लता गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती संध्या खरे, सिविल लाइन प्राचार्या श्रीमती जूही सीरवानी और केदार बिचपुरिया द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर और बैच लगा कर किया गया। अतिथियों ने नालंदा शिक्षण समूह द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। साथ ही प्रस्तुति दे रहे छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। स्वागत गीत की प्रस्तुति के बाद लोक संगीत और नृत्य की प्रस्तुती दी गई। नर्सरी और केजी के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति से अभिभावक मंत्र मुग्ध हो गए। वहीं राजस्थानी घूमर नृत्य, गुजराती नृत्य को देखकर उपस्थित जनसमुदाय ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती जूही शेरवानी ने सभी शाखाओं का संयुक्त वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ संध्या खरे द्वारा अतिथियों अभिभावकों छात्र-छात्राओं और उपस्थित जन समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## विद्यालयीन जीवन विद्यार्थी के जीवन का स्वर्णिम काल

**केन्द्रीय स्कूल एनकेजे में मनाया गया स्थापना दिवस**

**नवभारत, कटनी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय एनकेजे में सोमवार को नगर निगम आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार के मुख्य आतिथ्य में केंद्रीय विद्यालय संगठन का 63 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निगमायुक्त और प्राचार्य पंकज कुमार जैन द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि यह अत्यंत ही हर्ष और गर्व का विषय है कि मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार भी केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा रही हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बाल वाटिका के नन्हें-मुन्ने कलाकारों के द्वारा अत्यंत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने विद्यालय गीत भारत का स्वर्णिम अवसर गौरव केंद्रीय विद्यालय लाएगा गाया। विद्यार्थी देश का भविष्य होते हैं उनके विचार समाज की दिशा और दशा प्रतिबिंबित करते हैं। इसी को चरितार्थ करते हुए विद्यालय के छात्र स्मृति रंजन 11वीं 'अ' ने अपना भाषण प्रस्तुत किया।

अगली गतिविधि में विद्यालय की विद्यार्थियों द्वारा योग का शानदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सांसद कप में कबड्डी में प्रथम स्थान पर आई बालिकाओं की टीम और बालकों की टीम को पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपना अधिकतम समय पढ़ने और सीखने में लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालयीन जीवन को विद्यार्थी के जीवन का स्वर्णिम काल बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्सुकता से भरपूर प्रश्न पूछने वाला और जानकारी प्राप्त करने वाला बनने की प्रेरणा दी।

उन्होंने केंद्रीय विद्यालय को सच्चे अर्थों में लघु भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया। वहीं प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने अपने अभिभाषण में मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ-ही उन्होंने विद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति से भी उन्हें अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्तरोत्तर प्रगति करने के लिए परिश्रम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सुश्री तपस्या परिहर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन श्रीमती अनिका मलिक और कार्यक्रम का संचालन मनीषा कुमारी द्वारा किया गया।

## कोहरे की चादर में लिपटा रहा शहर, बढ़ी ठिठुरन

**सुबह से कोहरा छाए रहने से वाहन चालकों को हुई परेशानी**



**नवभारत,कटनी।** सोमवार सुबह शहर कोहरे की चादर में लिपटा रहा। कोहरे के कारण सुबह लोग ठंड से पेरशान नजर आए। वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी परेशानी हो रही थी, कोहरे के कारण विजिविलटी काफी कम थी। कोहरे की चादर ऐसी जमी सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और हाईवे पर यातायात काफी प्रभावित रहा। घने कोहरे के कारण सुबह की दिनचर्या पर भी असर पड़ा। स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते ठंड में भी इजाफा दर्ज किया गया। लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। वहीं प्रशासन और यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने, धीमी गति से चलने और फॉग लाइट का उपयोग करने के लिए कहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है, ऐसे में नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 17 को शिविर

**नवभारत, कटनी।** जिले में समस्त सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला पेंशन कार्यालय में 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। जिला पेंशन अधिकारी ने बताया कि शिविर में लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अधिकारियों से लंबित पेंशन प्रकरण आईएफएमआईएस के माध्यम से तैयार कर सेवापुस्तिका, जिला पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराने का के लिए कहा है।

**सहयोग** पीएम श्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा कला में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# ठंड से राहत देने जरूरतमंद 120 छात्रों को दिए गए स्वेटर, बच्चों के चेहरे में आई मुस्कान



**नवभारत, कटनी।** पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा कलां में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में जिला युवा इकाई द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत स्वेटर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर साढ़े बजे से किया गया। जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक अध्ययनरत प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को ठंड से बचाव के लिए गर्म स्वेटरों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 120 जरूरत मंद छात्रों को स्वेटर दिए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। विद्यालय परिसर में पूरे समय उत्साह, उमंग और अपनत्व का वातावरण बना रहा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को सर्दी के मौसम में राहत देना था, समाज सेवा, सहयोग, संवेदनशीलता की भावना को और अधिक मजबूत करना रहा। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित शिक्षक सिमरन प्रसाद, यशवंत नेगी और विनोद गौतम द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह में विशेष रूप से अनुराग त्रिसोलिया, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष मुकेश चंदेरिया, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष अजय मसूरहा, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा बरसैंया, महामंत्री श्रीमती शिल्पा जैन, वंदन साहू, सुश्री मीना नकरा, गाहोई वैश्य नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल सुहाने सहित शैलेन्द्र गुप्ता, प्रभा शंकर दुबे, गजेन्द्र प्रसाद पांडेय, आकाश पाठक, पंकज सोनी, कृष्ण सेठिया, पारस बिचपुरिया, दीपक लहरिया, वैभव सोनी, मयंक त्रिसोलिया, मोहित छिरौल्या, शुभम जार, अमित जार सहित काफी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों की उपस्थिति और सहयोग से यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अपने संबोधन में अतिथियों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और जरूरतमंदों के जीवन में आशा और सहारा बनते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगणों, मीडिया प्रतिनिधियों और उपस्थित सामाजिक बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनसेवा कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

## 6 महीने तक थाने में हाजिरी देगा आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने एनकेजे थाना क्षेत्र के उड़िया मोहल्ला निवासी जितेन्द्र पिता छोटेलाल वंशकार (25) के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जितेन्द्र के खिलाफ वर्ष 2019 से अब तक तीन प्रकरण एनकेजे थाने में दर्ज है। दर्ज अपराधों में गाली-गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस द्वारा जितेन्द्र के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, लेकिन आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद उसके खिलाफ एसपी के प्रतिवेदन पर यह कार्रवाई की गई।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024